# जिले में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 16 अगस्त. देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्य समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया।**

**जिला मुख्यालय पर कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण**

**मुख्यमंत्री के संदेश का लाइव प्रसारण**

समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। तत्पश्चात रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़ें गए। आकर्षक परेड प्रस्तुति के बाद उन्होंने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में वंदेमातरम के सामूहिक गायन ने देशभक्ति की भावना का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश वाचन को बडी एलईडी के माध्यम से देखा व सुना गया। सभी ने पूरे मनोयोग से मुख्यमंत्री जी के संदेश को देखा और सुना। जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ सोनवणे ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर संदेश का वाचन किया और जिले के सभी नागरिकों को बधाई दी। स्वतंत्रता दिवस का यह पर्व पूरे जिले में देशभक्ति,



उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों द्वारा ध्वजारोहण, और देशभक्ति गीतों के आयोजन किए गए।

**विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत :** इस अवसर पर अतिथियों ने समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों तथा शासकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस सहित अन्य विभागों के, अपने पदीय कर्तव्यों का उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य संपादन के लिए प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जिसमें टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य करने पर चिचोली ब्लॉक की एएनएम ममता रघुवंशी को राज्य से प्राप्त प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जिले में स्कैनिंग कार्य, अभिलेख सत्यापन, गिरदावरी कार्य, मानदेय भुगतान, पटवारी की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली में उत्कृष्ट कार्य पर तकनीकी सहायक संदीप निरापुरे, संस्थागत प्रसव एवं नवजात शिशु की देखभाल और टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्सिंग ऑफिसर प्रा.स्वास्थ्य केंद्र बोरदेही माधुरी माकोड़े, मैनेजमेंट वर्ष 2024 25 में शिशु मृत्यु एवं बाल मृत्यु की संख्या शून्य होने के लिए किए गए कार्य पर सीएचओ उप स्वास्थ्य केंद्र खपरिया को सम्मातिन किया।

### विद्यार्थियों ने नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति

समारोह में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान मानसरोवर द स्कूल बडोरा ने संदेसे आते है और वो मिटटी के बेटे गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय पी.एम. श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल ने वंदे मातरम तथा आरडी पब्लिक स्कूल कालापाठा के विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा जंगल रखवाला पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसी प्रकार जनजातिय कार्य विभाग कन्या छात्रावास बैतूल के विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम श्रेष्ठ भारत, एक भारत गीत पर तथा शासकीय कन्या क्रीडा परिसर, हमलापुर बैतूल के विद्यार्थियों ने झूमर जा रे पडकी झूमर गीत पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

### विभिन्न बलों की टुकड़ियों को किया पुरस्कृत

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत करने वाली विभिन्न बलों की टुकडियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। परेड ग्रुप ए में जिला पुलिस बल बैतूल ने प्रथम स्थान, वन विभाग बैतूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परेड ग्रुप बी में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल प्रथम स्थान, शासकीय महारानी लक्ष्मी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परेड ग्रुप सी में राष्ट्रीय सेवा योजना जेएच कॉलेज बैतूल प्रथम स्थान, लिटिल फ्लावर स्कूल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार परेड ग्रुप डी में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज रेड क्रॉस प्रथम स्थान तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल एनसीसी जूनियर डिवीजन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा परेड कमांडर श्री प्रदीप रघुवंशी रक्षित निरीक्षक बैतूल, मुख्य कमांडर शैफा हासमि को विशेष पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं अनहद म्यूजिक महाविद्यालय टीम को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के मधुर गायन पर पुरुस्कृत किया गया।

## एक नजर में

### कार की टक्कर से एक की मौत, एक गंभीर

**बैतूल।** जिले के पाढर बाईपास पर एक भीषण सड़क हादसे में कार की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, पाढर बाईपास पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही जान चली गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की मदद से घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। फिलहाल मृतकों और घायलों की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### भाजपा कार्यालय पर पहले फहराया उल्टा तिरंगा

**मुलताई।** नगर में नागपुर रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पदाधिकारी द्वारा उल्टा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के पश्चात मौजूद आम लोगों द्वारा इस बात पर ध्यान दिया गया कि फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज उल्टा फहराया गया है, जानकारी मिलने पर आनन फानन में ध्वज को पुनः उतार कर सीधा कर फहराया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी पदाधिकारी द्वारा इस घटना पर चुप्पी साध ली गई। यदि इस प्रकार की चूक किसी शासकीय कार्यालय या संस्था में होती तो निश्चित रूप से प्रशासन द्वारा इस संबंध में कार्रवाई की जाती है अब देखना यह है कि सत्ताधारी पार्टी के कार्यालय की गई गलती पर किस प्रकार की कार्रवाई की जाती है।

### पिछले 24 घंटे में औसतन 12.3 मिमी वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 12.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 15 अगस्त प्रातः 8 बजे से 16 अगस्त प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 17.4 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 7.1 मिमी, चिचोली में 26.0 मिमी, शाहपुर में 5.2 मिमी, मुलताई में 13.4 मिमी, प्रभात पट्टन में 8.2 मिमी, आमला में 16.0 मिमी, भैंसदेही में 3.0 मिमी, आठनेर में 5.1 मिमी तथा भीमपुर में 22.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## स्वतंत्रता दिवस पर जिला अध्यक्ष निलय डागा ने किया ध्वजारोहण

**बैतूल।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा गांधी चौक कोठीबाजार में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज आहूजा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर कांग्रेस के विभिन्न विभागों, प्रकोष्ठों, सेवा



दल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, किसान कांग्रेस सहित सभी मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों को नमन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। संविधान, लोकतंत्र और देश की एकता-अखंडता की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कांग्रेस ने हमेशा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए कार्य किया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आपसी एकजुटता के साथ जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी आवाज बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव समीर खान, संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## नागरिक सहकारी बैंक में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**बैतूल।** बैतूल नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। बैंक प्रशासक बासुदेव सिंह भदौरिया ने बैंक परिसर में विधिवत राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के माध्यम से राष्ट्र के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया। समारोह में बैंक के पूर्व अध्यक्ष अतीत पवार, संचालक प्रमोद खुराना, निर्गुण देशमुख, राजेश राठौर एवं पितेश इंगले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोसेजी, बैंक के अधिकारी-कर्मचारी, नगर के प्रतिष्ठित



व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, सम्माननीय सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान बैंक परिसर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से सराबोर रहा। उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों और महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव बनाए रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस उन वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है।

## भारतीय मजदूर संघ का देशव्यापी आंदोलन आज

**बैतूल।** श्रमिकों, कर्मचारियों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के न्यायसंगत अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा की मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ आज 17 अगस्त को देशव्यापी आंदोलन करेगा। इसी क्रम में भारतीय मजदूर संघ बैतूल इकाई द्वारा जिला मुख्यालय पर रैली निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा और कलेक्टर को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री पंजाबराव गायकवाड़ ने बताया कि आंदोलन के तहत संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दोपहर 3 बजे शिवाजी ऑडिटोरियम, बैतूल में एकत्रित होंगे। यहां से रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि आंदोलन में संगठन के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में श्रमिक एवं कर्मचारी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा और न्यायसंगत मांगों को शासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। जिलामंत्री गायकवाड़ ने संगठन के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** शाहपुर थाना क्षेत्र में एक 62 वर्षीय महिला ने 66 वर्षीय व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 14 अगस्त को भौरा चौकी थाना शाहपुर क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला ने समूह की महिलाओं के साथ थाना में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 अगस्त को गाँव के ही एक व्यक्ति द्वारा खेत से मजदूरी कर लौटने के दौरान दुष्कर्म एवं उसके अंदरूनी अंगों को घायल करने एवं जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर थाना शाहपुर में धारा 64(1), 351(3) बी एन एस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पीडित बुजुर्ग महिला द्वारा की



शिकायत के आधार पर आरोपी शंभू पिता ननहू इवने उम्र- 66 वर्ष निवासी ग्राम टेकरीपूरा धार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं बुजुर्ग महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस के प्रयास एवं मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाही में निरीक्षक अरविन्द कुमारे, उप निरीक्षक सोनम साहु, उप निरी नीरज खरे, प्रधान आर 249 कुवरलाल नागले, आर 366 धीरज काले, महिला आर 687 संध्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तीन फड़ों से 22 जुआरी पकड़ाए 23960 रुपए नकद जब्त

**बैतूल।** अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ भैंसदेही पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए दो दिनों में जुए के तीन फड़ों पर दबिश दी। पुलिस ने कुल 22 जुआरियों को ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाते हुए पकड़ा। आरोपियों और जुआ फड़ों से कुल 23,960 रुपए नकद तथा ताश के पत्ते जब्त किए। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सातनकर, उप निरीक्षक नेपाल सिंह ठाकुर सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 13 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कोथलकुंड में टोल के पास अलग-अलग स्थानों पर जुआ फड़ चल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों स्थानों पर एक साथ दबिश दी। यहां 16 लोग ताश के पत्तों से जुआ खेलते मिले। पुलिस ने सभी को मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से और जुआ फड़ से 18,770 रुपए नकद तथा ताश के पत्ते बरामद किए। 14 अगस्त की रात पुलिस को ग्राम सालईढाना में जुआ खेले जाने की सूचना मिली। टीम सुखदेव मर्सकोले के घर के पास सड़क किनारे पहुंची। यहां बिजली के खंभे पर लगी लाइट की रोशनी में हार-जीत का दांव लगाते मिले। पुलिस ने मौके से सभी छह आरोपियों को पकड़ लिया।

## खेत में बिछे करंट से युवक की गई जान

**पाथाखेड़ा।** ग्राम बाकुड़ में मक्के के खेत से बरामद 27 वर्षीय युवक की चार दिन पुरानी सड़ी लाश के मामले का सारनी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि जंगली सूअर के शिकार के लिए खेत में अवैध रूप से बिछाए गए विद्युत तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से युवक मनोज मर्सकोले की मौत हुई थी। पुलिस के अनुसार, 7 अगस्त की रात मनोज खेत में पहुंचा, जहां अवैध करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना छिपाने के उद्देश्य से आरोपियों ने अगले दिन शव को उठाकर दूसरे व्यक्ति के मक्के के खेत



में फेंक दिया तथा करंट फैलाने में प्रयुक्त तार जमीन में दबा दिए।मामले में पुलिस ने परेश मर्सकोले, महेन्द्र कुमरे और सुनील कुमरे, सभी निवासी ग्राम बाकुड़, को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर केबल, सेंट्रिंग तार, मृतक की चप्पल और एयरफोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने प्रकरण में संबंधित धाराओं का इजाफा कर कार्रवाई की है। एसपी ने खेतों में अवैध विद्युत करंट नहीं फैलाने की अपील की है।

## बैतूल में रविवार भी जारी रहा रुक-रुककर बारिश का दौर

**बैतूल।** बैतूल जिले में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रविवार सुबह से कई क्षेत्रों में रुक-रुककर फुहारें पड़ रही हैं और आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने 17 अगस्त को भारी बारिश, गरज-चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। 18 अगस्त को भी जिले में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। जिला भू-संसाधन विभाग के 16 अगस्त सुबह 8 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, बैतूल वर्षामापी केंद्र पर पिछले 24 घंटे में 17.4 मिमी यानी 0.69 इंच



बारिश दर्ज की गई। इस मानसून सीजन में बैतूल केंद्र पर अब तक कुल 442.4 मिमी यानी 17.42 इंच बारिश हो चुकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले की औसत बारिश 572 मिमी यानी 22.52 इंच थी। इस साल अब तक यह आंकड़ा करीब 1.16 इंच कम है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी यानी 42.67 इंच है। बारिश के आंकड़ों में चिचोली 731.9 मिमी यानी 28.82 इंच बारिश के साथ सबसे आगे है। इसके बाद भीमपुर में 695.2 मिमी यानी 27.37 इंच और घोड़ाडोंगरी में 678.4 मिमी यानी 26.71 इंच बारिश दर्ज की गई है। वहीं आठनेर में सबसे कम 336.4 मिमी यानी 13.24 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई है। बैतूल में जुलाई के अंतिम सप्ताह में भी मानसून ने जोरदार सक्रियता दिखाई थी। 30 जुलाई को 93.4 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। यह इस सीजन में एक रात में हुई जिले की सबसे अधिक बारिश थी।अगस्त की शुरुआत में बारिश की गतिविधियां कुछ कमजोर हुई थीं। अब मौसम तंत्र के दोबारा सक्रिय होने से बारिश का दौर फिर बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

## निर्णय : पुराने अस्पताल की भूमि पर ही लगेगा राखी बाजार

**मुलताई। नगर में राखी बाजार लगाने को लेकर व्यापारी दो गुटों में नजर आए, एक गुट का कहना था की ताप्ती के पास सड़क किनारे राखी बाजार लगाया जाए, तो दूसरा गुट पुराने अस्पताल की भूमि पर बाजार लगाने को लेकर राजी था।**

जिसको लेकर रविवार की दोपहर नगरपालिका के सभाकक्ष में बैठक लेकर प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया की बाजार पुराने अस्पताल की भूमि पर ही लगेंगा। जिसके लिए लाटरी सिस्टम से दुकाने आवंटित की जाएगी। प्लाट लेने के लिए 5 हजार रुपए अमानत राशि जमा करना होगा, जो बाद में वापस कर दी जाएगी। बैठक मे एसडीएम राजीव कहार, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार,



एसडीओपी एसके सिंह,सीएमओ वीरेंद्र तिवारी,थाना प्रभारी विकास पटेल, पार्षद गण और बड़ी संख्या में राखी व्यापारी शामिल हुए। सभी पक्षों से विस्तृत चर्चा के बाद, सर्वसम्मति से पुराने सरकारी अस्पताल की जमीन पर राखी बाजार लगाने का निर्णय लिया गया। लिए गये निर्णय के तहत, नगर पालिका के पुराने अस्पताल परिसर में राखी व्यापारियों के लिए भूखंड लाटरी सिस्टम के आधार पर आवंटित की जाएगी। दुकानो के लिए आवश्यक सुविधाएं नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे व्यापारियों को सहूलियत होगी और बाजार का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो सकेगा। प्रति दुकान के अनुसार व्यापारियों को पांच हजार अमानत के तौर पर नगर पालिका के पास जमा करना होगा जो की दुकान लगने की स्थिति में व्यापारियों को वापस लौटाए जाएंगे यदि कोई व्यापारी दुकान नहीं लगता है तो उस स्थिति में अमानत में जमा राशि वापस नहीं की जाएगी। इस नियम के कारण एक व्यापारियों द्वारा कई भूखंड आवंटन करने वाली स्थिति पर हम कुछ लगेगा वहीं सभी दुकानदारों को आवश्यक भूखंड प्राप्त होंगे। जय स्तंभ चौक और फव्वारा चौक नही लगेंगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर के प्रमुख चौराहो पर राखी की दुकाने लगाने की अनुमति नही होगी। यातायात जाम से बचने के लिए जय स्तंभ चौक और फव्वारा चौक पर दुकाने नही लगाई जाएंगी। सडक किनारे अन्यत्र दूकान लगाने पर दुकाने जप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### स्वतंत्रता दिवस पर भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान

**मुलताई।** नगर के आरडी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाला परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।वही एनसी सी क्रेडिटो द्वारा ध्वजारोहण के बाद शानदार परेड की प्रस्तुति दी गई।वहीं शाला में अध्यनरत छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति दी गई। देशभक्ति पूर्ण गानों की धुनों पर श्रोता को झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम के दौरान नगर के भूतपूर्व सैनिकों का स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मान किया गया। शाला प्रबंधन के नमन अग्रवाल ने बताया प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं। शाला में अध्यनरत बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा देश के स्वतंत्रता के लिए दिए गए बलिदान के विषय में अवगत कराया जाता है।

## लोहा सीमेंट व्यवसाय संगठन ने 56 हजार दिए

बैतूल। लोहा सीमेंट व्यवसाय संगठन द्वारा सराहनीय पहल करते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली बैतूल पहुंचकर 56,000 का चेक सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए थाना प्रभारी को भेंट किया। संगठन द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग बैतूल शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए किया जाएगा। इन कैमरों के माध्यम से शहर की प्रमुख गलियों, मार्गों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर निगरानी रखने में पुलिस को सहायता मिलेगी। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था मजबूत होने से चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम में मदद



मिलेगी। अपराध घटित होने की स्थिति में आरोपियों की पहचान एवं उनकी गतिविधियों की निगरानी में भी पुलिस को महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। इससे आमजन एवं व्यापारियों में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी। कोतवाली पुलिस द्वारा लोहा सीमेंट व्यवसाय संगठन की इस पहल की सराहना करते हुए संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। पुलिस द्वारा कहा गया कि अपराध नियंत्रण एवं शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में पुलिस के साथ आमजन एवं व्यापारिक संगठनों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर लोहा सीमेंट व्यवसाय संगठन के अमित उर्फ बोबी जैन, कन्नू माहेश्वरी, एवं तरूण ठाकरे सहित व्यवसायी उपस्थित रहे।